**प्रेस विज्ञप्ति**

**लोक भवन, राँची**

**दिनांक : 15 सितम्बर, 2026 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से लोक भवन में आज राज्य के पूर्व मंत्री श्री बंधु तिर्की ने भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को संभावित जनसंख्या-आधारित परिसीमन के कारण झारखण्ड में जनजाति समुदाय के लिए आरक्षित विधानसभा सीटों एवं लोकसभा सीटों में कमी की आशंका से अवगत कराया। उन्होंने पाँचवीं अनुसूची के क्षेत्रों में जनसंख्या के साथ-साथ जनजातीय हितों एवं संवैधानिक प्रावधानों को प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता पर भी अपनी बात रखी तथा इस संबंध में आवश्यक पहल का अनुरोध किया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से लोक भवन में आज आदिवासी भूमिज मुण्डा युवा संगठन, चांडिल के एक शिष्टमंडल ने संगठन के अध्यक्ष श्री रवीन्द्र सिंह सरदार के नेतृत्व में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को चांडिल डैम के जलाशय में जलगमन से संबंधित आदिवासी भूमिज मुण्डा समाज की पारंपरिक भागीदारी, हड़शाली एवं मेगालिश के संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित विषयों से अवगत कराया तथा इस संबंध में आवश्यक पहल का अनुरोध किया।